सर सैयद अहमद खान के नाम सजी शायरी की महफिल



सीवान। नगर के पुराना किला स्थित साहित्यिक संस्था बज्म-ए-शमा अदब के तत्वावधान में 31 अक्टूबर 2026 की रात 'एक शाम सर सैयद अहमद खान के नाम' भव्य अखिल भारतीय मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उस्ताद शायर कमर सिवानी ने की, जबकि संचालन ख्यातिप्राप्त शायर तंग इनायतपुरी ने किया। संस्था के सचिव एडवोकेट अरशद सिवानी ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मुशायरे में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों, शायरों, साहित्यकारों, समाजसेवियों, पत्रकारों और विद्वानों ने शिरकत की। पूरी रात शेर-ओ-शायरी का दौर चलता रहा और श्रोताओं ने साहित्यिक महफिल का भरपूर आनंद उठाया। मंच पर कमर सिवानी, प्रो. सरफुद्दीन शरफ, तंग इनायतपुरी, प्रो. जया कुतबी, नूर सुल्तानी, सरवर हाशमी, एडवोकेट अरशद सिवानी, डॉ. अली असगर सिवानी, रियाज अहमद साहिल, रेहान मुस्तफा बादी, डॉ. एहतिशाम, डॉ. जाहिद सिवानी, जाहिर गोपालपुरी, चांद गोपालपुरी, कौसर हाशमी, हसन इमाम कासमी (बेतिया), डॉ. नसीम अहमद नसीम (बेतिया), सफीर मखदूमी और जाकी हाशमी सहित कई शायर मौजूद रहे।

महफिल में उस्ताद शायर कमर सिवानी ने अपने कलाम से खूब वाहवाही बटोरी। उनका शेर—

मात खा गए दुश्मन दुश्मनी निभाने में,दोस्त आगे-आगे थे मेरा घर जलाने में।

वहीं, मुशायरे का संचालन कर रहे तंग इनायतपुरी ने अपने हास्य-व्यंग्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने कहा—यूँ तो उसके चेहरे पर हर वक्त है मासूमियत, जब गरज होती है कोई, पूछती है खैरियत।

क्या बताऊँ कितने मजनूँ फिर भी उसके पास हैं, एक तवायफ है वो जिसका नाम है जम्हूरियत।

सफीर मखदूमी ने अपने कलाम से महफिल में प्रभाव छोड़ा—कारवां के बाद तन्हा रास्ता रह जाएगा,गर्द उड़ जाएगी लेकिन नक्शे-पा रह जाएगा।प्रो. जया कुतबी ने अपनी रचना के माध्यम से इंसानियत और दोस्ती की परख का संदेश दिया—आदमी को पहले परखा कीजिए,फिर किसी को दोस्त अपना कीजिए।

बेसबब कहते हैं जिसको बेवफा,
उसकी मजबूरी को समझा कीजिए।

एडवोकेट अरशद सिवानी ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए पढ़ा— इल्म तेरा तुझे निखारेगा,
जिंदगी को तेरी संवारेगा।

मशहूर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अली असगर सिवानी ने उस्ताद शायर कमर सिवानी को समर्पित अशआर पेश कर खूब प्रशंसा बटोरी—

आंखों में कोई दूसरा चेहरा न आ सका, अक्स ऐसा बस गया है तुझे देखने के बाद।

ये फैज-ए-कमर सिवानी है जो लिख रहा हूं मैं, मुझको हर लफ्ज मिला है तुझे देखने के बाद।

मजाहिया शायर डॉ. जाहिद सिवानी ने अपने खास अंदाज में श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया—उसे तेरे दिल का खलल कहूं, तुझे कैसे अपनी गजल कहूं,तू रदीफ है किसी और की, तेरा काफिया कोई और है।जाहिर गोपालपुरी की रचना भी खूब सराही गई—मेहमान कल सुबह की फ्लाइट से आएंगे, अब्बा ने सिर्फ इतना कहा था ये प्यार में।

मारे खुशी के मुर्ग चुरा लाया चार वो,दो आरजू में कट गए, दो इंतजार में।

बेतिया से आए डॉ. नसीम अहमद नसीम ने अपने अशआर से श्रोताओं की खूब दाद हासिल की— यही तो यार वो वर्षों से काम करते हैं, लगाकर खून शहीदों में नाम करते हैं।

रेहान मुस्तफा बादी ने खानदानी शराफत और तहजीब को बयां करते हुए पढ़ा— इस जमाने की रीत पुरानी है,
हर नया पल नई कहानी है।
वो जो दुश्मन की भी करे ताजीम,
समझो वो शख्स खानदानी है।

वहीं, गुलाम सरवर हाशमी ने दौलत की चाह में इंसानियत के खो जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा—जानता था खाक में मिल जाएगा सब कुछ मगर,माल-ओ-जर की चाह में इंसान पागल हो गया।इसके अलावा उपस्थित अन्य शायरों और कवियों ने भी अपनी रचनाओं से महफिल को यादगार बना दिया। बज्म-ए-शमा अदब के कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों और शायरों को पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्य लगातार अतिथियों के स्वागत-सत्कार में जुटे रहे। अंत में मुशायरे के अध्यक्ष कमर सिवानी ने सभी शायरों, कवियों और उपस्थित श्रोताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष चाकूबाजी में किशोर समेत दो घायल

कुचायकोट। कुचायकोट जमीन के एक पुराने विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया।विशंभरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी मटिहनिया गांव में पुराने भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।इस दौरान चाकूबाजी की घटना में एक किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान तिवारी मटिहनिया गांव निवासी सुदामा तिवारी और प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।दोनों घायल को परिवार वालों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट ले गए।वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सुदामा तिवारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया,जबकि किशोर प्रिंस कुमार का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ।मिली जानकारी के अनुसार, सुदामा तिवारी का गांव के ही एक अन्य पक्ष के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।रविवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।पहले कहासुनी हुई,लेकिन कुछ ही देर में मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया।इसी दौरान एक पक्ष की ओर से चाकू से हमला कर दिया, जिसमें सुदामा तिवारी और प्रिंस कुमार घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस दोनों पक्षों के बीच विवाद के कारणों और चाकूबाजी की घटना की जांच कर रही है।

चनावे मंडल कारा में जिला प्रशासन ने की छापेमारी

थावे। थावे प्रखंड के चनावे स्थित मंडल कारा में शनिवार की रात जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की।सदर एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों और पुलिस बल की टीम ने जेल के सभी खंडों और वार्डों की सघन तलाशी ली। करीब तीन घंटे तक चले छापेमारी अभियान के दौरान जेल परिसर में हड़कंप मचा रहा। हालांकि तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन की टीम शनिवार की रात करीब 11:30 बजे चनावे मंडल कारा पहुंची।इसके बाद जेल के विभिन्न वार्डों और अन्य स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। रात करीब ढाई बजे तक चली छापेमारी के दौरान गांधी वार्ड, अस्पताल, महिला वार्ड, बुजुर्ग वार्ड और किचेन सहित सभी खंडों की जांच की गई।अधिकारियों ने जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए विभिन्न वार्डों में तलाशी ली।छापेमारी अभियान के दौरान जेल में बंद कैदियों के बीच हड़कंप मचा रहा। जिला प्रशासन की टीम ने जेल के प्रत्येक वार्ड और परिसर के विभिन्न हिस्सों की जांच की।करीब तीन घंटे तक चले तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

छापेमारी अभियान में सदर एसडीपीओ चंदन कुमार,हथुआ एसडीपीओ राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी सोमेश मिश्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार, लाइन डीएसपी सुबोध कुमार, डीएसपी नीरव पाल,जेल अधीक्षक सत्येंद्र सिंह जेलर सोहन कुमार ,सीओ सुधीर कुमार ओंकारा,सीओ रजत वर्णवाल, थावे थानाध्यक्ष विभा कुमारी, नगर थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर,उचकागांव थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, मीरगंज थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस के जवान के साथ जेल प्रशासन शामिल रहे।

छठ घाटों पर सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम का डीएम ने दिया निर्देश, युद्धस्तर पर चलेंगे कार्य

सीवान। छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने शनिवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलवा, श्रीनगर घाट, शिवव्रत साह, महादेवा और विदुरती हाता सहित कई घाटों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी घाटों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने और शेष कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा कराने का सख्त निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रत्येक घाट पर साफ-सफाई, कूड़ा-कचरा हटाने, सीढ़ियों की मरम्मत, संपर्क पथ एवं पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही आवश्यकतानुसार गोताखोर, आपदा मित्र और एसडीआरएफ की टीम तैनात करने को कहा।उन्होंने घाटों पर पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित बिजली व्यवस्था, चेंजिंग रूम, शौचालय, चिकित्सा एवं प्रशासनिक शिविर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भीड़ की निगरानी के लिए वॉच टावर बनाने तथा अर्घ्य के दौरान लगातार निगरानी रखने को कहा। इसके अलावा यातायात एवं भीड़ प्रबंधन के लिए सुव्यवस्थित योजना तैयार करने, बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि छठ सिवान के लिए केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समागम का महत्वपूर्ण अवसर है। इस पर्व में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूसरे स्थानों से अपने घर लौटते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित घाट उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घाटों की व्यवस्था में समन्वय के लिए जिलास्तर पर विशेष अधिकारियों की टीम भी गठित की जाएगी। तैयारियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और छठ पूजा समितियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, एडीएम राजस्व, एडीएम आपदा प्रबंधन, सदर अनुमंडलाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद की उपसभापति, स्थानीय वार्ड पार्षद, नगर परिषद की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक आपदा पदाधिकारी, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उ.म वि.कुचायकोट बनेगा आदर्श, उन्नत शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं से होगा विकसित

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कुचायकोट प्रखंड को एक और उपलब्धि मिली है।प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट का चयन सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय के रूप में किया गया है।अब इस विद्यालय को उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य योजना के तहत आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।इसके साथ ही प्रखंड में इस योजना के तहत चयनित विद्यालयों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।इससे पहले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनहुला का चयन भी इस योजना के तहत किया जा चुका है।जानकारी के अनुसार, जिले में पूर्व से चयनित सरस्वती विद्या निकेतन के अतिरिक्त आठ अन्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया गया है।चयनित विद्यालयों में बरौली प्रखंड के उच्च विद्यालय हलवार पिपरा और हाई स्कूल देवापुर, बैकुंठपुर प्रखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनौरा एवं गांधुआ, सिधवलिया प्रखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंझवा, उचकागांव प्रखंड के जयराम प्रसाद तिवारी उच्च विद्यालय दहीभाता, थावे प्रखंड के अपग्रेड हाई स्कूल लछवार तथा कुचायकोट प्रखंड का उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट बालक शामिल है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में चयनित होने से विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा।इसके तहत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक माहौल और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय का चयन शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक है।इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

नशामुक्ति अभियान पर जीविका दीदियों ने निकाली जागरुकता रैली

गोपालगंज। बिहार सरकार के निर्देशानुसार संचालित नशा मुक्त बिहार अभियान के तहत आज जीविका, गोपालगंज एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय,गोपालगंज के संयुक्त तत्वावधान में बैकुंठपुर प्रखंड के सभी संकुल संघों में व्यापक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने संयुक्त रूप से प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली निकाली। हाथों में नशा मुक्ति से संबंधित संदेशों और नारों के साथ गांव-मोहल्लों का भ्रमण कर आमजनों को नशे से दूर रहने तथा समाज को व्यसनमुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा में नशे के कारण परिवार, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी से परिवार एवं समुदाय स्तर पर नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम में संगीत एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से भी नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी जीविका दीदियों,कर्मियों एवं सदस्यों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को हर प्रकार के व्यसन से मुक्त रखने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीविका दीदियां,ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय कैडर,जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



युवक के विरुद्ध की गयी निरोधात्मक काररवाई

थावे। थावे थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को रात्रि गस्ती में रामचंद्रपुर अवधिया टोला पुल के पास से हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष विभा कुमारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर अवधिया टोला के साहेब कुमार के रूप में की गई है।उन्होंने बताया कि युवक के विरुद्ध निरोधात्मक की कार्रवाई की गई है।पूछताछ के बाद युवक को रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। मौके पर प्रशिक्षु एसआई दीपक कुमार आदि पुलिस बल मौजूद थे।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, लोहे की रॉड से किया था जानलेवा हमला

विजयीपुर। गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के एक नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विजयीपुर थाना क्षेत्र के भोजौली कला गांव निवासी इनामुद्दीन खान, पिता अविरुल्ला खान के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 26 अक्टूबर 2026 को आरोपी इनामुद्दीन खान कथित तौर पर वादी के घर पहुंचा था। इस दौरान उसने वादी के परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि विवाद के दौरान अभियुक्त ने वादी के पुत्र को जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुई इस घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को उपचार के लिए ले जाया गया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर विजयीपुर थाना में कांड संख्या 338/26, दिनांक 26 अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस) की धारा 126(2), 115(2), 109, 352, 351(2) एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में इनामुद्दीन खान को नामजद प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। एसपी के निर्देश पर चल रहा है विशेष अभियान,जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा विभिन्न कांडों में वांछित और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक, गोपालगंज के निर्देश पर लगातार विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत विजयीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के इस मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त इनामुद्दीन खान को गिरफ्तार कर लिया।

डीएम ने शुरू कराई धान की खरीद, छोटे किसानों के निबंधन और अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश

यादवपुर शुक्ल पैक्स में धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ,3 प्रखंडों में अब तक 4 किसानों से 123 क्विंटल धान की खरीद

गोपालगंज। जिले में खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ आज जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर यादवपुर शुक्ल पैक्स में किसानों से धान की खरीद की गई। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने पैक्स में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं धान खरीद की व्यवस्था का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों एवं पैक्स प्रबंधकों को किसानों का निबंधन सुनिश्चित करने,विशेषकर छोटे किसानों को निबंधन के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक किसानों को अधिप्राप्ति व्यवस्था से जोड़ते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पैक्स के कॉम्पोजिट यूनिट का भी निरीक्षण किया तथा वहां उत्पादित जेपी गोल्ड तेल की गुणवत्ता नियंत्रण (त्तष्ट) प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ उसके प्रचार-प्रसार एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया, ताकि पैक्स की आय में वृद्धि हो और किसानों को भी इसका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि जिले के अन्य पैक्सों में भी धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सूचना प्रेषण तक जिले के 3 प्रखंडों में 4 किसानों से कुल 123 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें थावे प्रखंड का लक्षवार पैक्स भी शामिल है। शेष प्रखंडों में भी धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति कार्य में पारदर्शिता, सुगमता एवं तेजी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए निर्देश दिया कि पात्र किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अधिकाधिक किसानों से धान की खरीद सुनिश्चित की जाए।

दो बाइक से 281 लीटर शराब बरामद,तस्कर फरार

कुचायकोट। विशंभरपुर थाना क्षेत्र के सिपाया कृषि फार्म स्थित डाक बंगला के समीप पुलिस ने छापेमारी कर दो बाइक से 1406 टेट्रा पैक शराब बरामद की। बरामद शराब की कुल मात्रा 281.2 लीटर बताई गई है। हालांकि,पुलिस को देखकर दोनों बाइक सवार तस्कर अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शराब के साथ दोनों बाइक को जब्त कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार, विशंभरपुर पुलिस की एक टीम सिपाया कृषि फार्म के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान दो बाइक सवार पुलिस को जांच करते देख डाक बंगला के समीप अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने संदेह होने पर दोनों बाइक की तलाशी ली तो उनसे 1406 टेट्रा पैक शराब बरामद हुई।

गंवदरी में हाथी-घोड़ा और गाजे-बाजे के साथ निकला महावीरी अखाड़ा जुलूस

थावे। थावे प्रखंड के गंवदरी में रविवार को हाथी-घोड़ा और गाजे-बाजे के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन महावीरी अखाड़ा समितियों ने जुलूस निकाला। बरगछिया, गंवदरी और हरिजन बस्ती से निकले महावीरी अखाड़ा जुलूस में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस दौरान युवाओं और बुजुर्गों ने लाठी-डंडों से पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।महावीरी अखाड़ा जुलूस में हाथी-घोड़े और गाजे-बाजे आकर्षण का केंद्र रहे। तीनों अखाड़ा समितियों के जुलूस अपने-अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए गंवदरी स्थित जिन बाबा के पास पहुंचे। यहां तीनों महावीरी अखाड़ों का मिलान हुआ। अखाड़ों के मिलान के बाद पूरा परिसर मेले में तब्दील हो गया। इस दौरान लोगों की भीड़ जुटी रही।महावीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। थावे थानाध्यक्ष विभा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात रहे।

ब-अदालत सिनियर डिवीजन 6 सिवान
हकियत वाद सं0-444/2026 ई0
सरोज कुमार वो0------- वादी
बनाम
ओम प्रकाश प्रसाद वोगैरह---प्रतिवादीगण
अदालती नोटिस बनाम

ओम प्रकाश प्रसाद वल्द स्व0 वैजनाथ प्रसाद 2. मनोज कुमार वल्द ओम प्रकाश प्रसाद वो 3. पंकज कुमार वल्द ओम प्रकाश प्रसाद प्रतिवादीगण सभी साकिनान-कस्बा सीवान मुहल्ला श्रद्धानन्द बाजार, थाना-सिवान नगर, जिला-सिवान।

चूँ आपलोगों के विरूद्ध न्यायालय से समन तथा निबंधित समन श्रीमान के न्यायालय से आपलोगों के उपस्थिति के लिए भेजी गई लेकिन आपलोग श्रीमान न्यायालय में उपस्थित नही हुए जिस कारण आपलोगों को प्रकाशन के माध्यम से यह आगाह किया जाता है कि आपलोग श्रीमान के न्यायालय में दिनांक 03.11. 2026 ई0 को 10.30 बजे दिन में श्रीमान के न्यायालय में उपस्थिति हो वरना आपलोगों के विरूद्ध एक पक्षीय सुनवाई निश्चित की जायेगी।

आज दिनांक 31 माह 10 सन2026 ई0 को श्रीमान् के न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर जारी हुआ।

सिनीयर डिवीजन-6, सिवान।
9/484/26

ब अदालत
अवर न्यायाधीश प्रथम
मोकाम-सोनपुर, जिला-सारण
हकियत वाद सं.-92 सन् 2023 ईस्वी
उमाशंकर यादव.............मुदई (वादी)
बनाम
संजीव कुमार एवं अन्य...................
मुदालहम (प्रतिवादीगण)
पेपर प्रकाश नोटिस

नोटिस बनाम मुदालहम : 1. संजीव कुमार वल्द श्री दीनानाथ सहाय, पता-आरपीएस काली मंदिर रोड, सचिवालय कॉलोनी खगौल, दानापुर, थाना-रूपसपुर, जिला-पटना........ प्रतिवादी फरीक-1, 2. शिवचन्द बैठा वल्द स्व. अशर्फी बैठा, साकिन मौजा मुरथान, पो.-परमानंदपुर, थाना-सोनपुर, जिला-सारण............प्रतिवादी फरीक-2 (3) संजय बैठा पिता स्व. रूदल बैठा 3(क) रंजीत बैठा पिता स्व. रूदल बैठा दोनों साकिन मौजा-मुरथान, पो. -परमानंदपुर, थाना-सोनपुर, जिला-सारण.................प्रतिवादी फरीक

चूं बजरिये पेपर प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी (मुदई) के द्वारा आपलोगों के विरुद्ध हकियत वाद सं.-92 सन् 2023 दायर किया गया है, जिसमें आपलोगों के ऊपर रजिस्टर्ड डाक वो अदालत के चपरासी द्वारा सम्मन भेजने के बावजूद आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अत: पेपर प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 10.12.2026 को समय 10.30 बजे पूर्वाह्न अवर न्यायाधीश प्रथम सोनपुर, सारण के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी।

इसे ताकिद जानें।

आज दिनांक 28.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी हुआ।

आदेशानुसार
अवर न्यायाधीश प्रथम
अनुमंडलीय व्यवहार
सोनपुर, सारण

ब-अदालत,
सिविल जज (सीनियर डिवीजन)
प्रथम
अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय
मो.-सोनपुर, सारण
बंटवारा वाद सं.-53/2026
अरविन्द कुमार सिंह............मुदई
बनाम
अम्बिका शरण सिंह वो....मुदालहम
पेपर प्रकाशन

नोटिस बनाम मुदालह: 1. अम्बिका शरण सिंह 2. अनुज कुमार सिंह 3. अजय कुमार सिंह वल्दान स्व. राम प्रवेश सिह 4. शंभूनाथ सिंह वल्द स्व. जनार्दन सिंह 5. अरुण कुमार सिंह 6. अवधेश कुमार सिंह वल्दान स्व. कृष्ण बल्लभ सिंह 7. किरण देवी पति स्व. अनिल कुमार सिंह 8. विजय कुमार सिंह वल्द स्व. रामेश्वर सिंह 9. जय प्रकाश सिंह वल्द स्व. विभीषण सिंह 10. शांति देवी पति स्व. केदारनाथ सिंह 11. राधा देवी पति हरिनन्दन सिंह, सभी ग्राम+पो. -इस्मैला, थाना- दिघवारा, जिला-सारण पिनकोड- 841207, वर्तमान पता-ग्राम-हरिपुर, पो.-हरिपुर गरबन्ना, थाना-मुफसिल गोंडा, जिला-गोंडा, राज्य-झारखंड-814133

चूं मुदई ने आपलोगों के खिलाफ बंटवारा वाद सं.-53/2026 न्यायालय, सोनपुर (सारण) में दाखिल किया है, जिसमें न्यायालय से सम्मन रजिस्टर्ड कभर निर्गत होकर तामिल हो चुका है और आपलोगों को वाद की जानकारी हो गई है। बावजूद इसके आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अत: वजरिये पेपर प्रकाशन से आपको सूचित किया जाता है कि आपलोग न्यायालय द्वारा सुनिश्चित तिथि 12.01. 2027 को समय 10.30 बजे स्वयं या वकालतन उपस्थित होकर जो कुछ भी उजुर दाखिल करना है, करें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।

इसे ताकिद जानें।

आज दिनांक 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मोहर से निर्गत हुआ।

सिविल जज (सीनियर डिवीजन)
प्रथम
अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय
सोनपुर (सारण)

1962 से चली आ रही परंपरा का फिर बजेगा बिगुल धोबवल पटखौली में कल से फुटबॉल का महासंग्राम

विजयीपुर। विजयीपुर फुटबॉल का जुनून,खिलाड़ियों का दमखम और हजारों खेल प्रेमियों के उत्साह का गवाह बनने के लिए धोबवल पटखौली का ऐतिहासिक खेल मैदान सजकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। 1962 से चली आ रही छह दशक से अधिक पुरानी खेल परंपरा एक बार फिर रोमांच और उत्साह के साथ जीवंत होने जा रही है। प्रखंड के धोबवल पटखौली स्थित खेल मैदान में श्री महावीरी अखाड़ा सह जिलास्तरीय फुटबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का भव्य आगाज 3 नवंबर, मंगलवार से होगा। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में खेल प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। मैदान की साफ-सफाई, खिलाड़ियों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं, दर्शक दीर्घा और सजावट का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, आयोजन को भव्य बनाने के लिए अतिथियों को निमंत्रण देने का सिलसिला भी जोर-शोर से जारी है। आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। पहले दिन पथरदेवा बनाम गोरखपुर का महामुकाबला,प्रतियोगिता के पहले दिन ही फुटबॉल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। उद्घाटन मैच में उत्तर प्रदेश की मजबूत मानी जाने वाली टीमें पथरदेवा और गोरखपुर आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। ऐसे में पहले ही दिन मैदान पर खिलाड़ियों के कौशल, रफ्तार और शानदार गोल के लिए कड़ा संघर्ष देखने की उम्मीद है। 17 नवंबर को निकलेगा भव्य महावीरी जुलूस,18 को फाइनल,आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह रिंटू ने बताया कि वर्ष 1962 से लगातार इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। यह सिर्फ फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि क्षेत्र की गौरवशाली खेल परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को यादगार और भव्य बनाने की तैयारी की गई है। खिलाड़ियों एवं दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर को भव्य महावीरी जुलूस एवं क्षेत्र परिभ्रमण का आयोजन होगा, जबकि 18 नवंबर को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों,बुद्धिजीवियों, युवाओं और खेल प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में धोबवल पटखौली के ऐतिहासिक मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं और इस गौरवशाली परंपरा के साक्षी बनें। अब इंतजार है उस सीटी का,जिसके बजते ही मैदान में शुरू होगा रोमांच, संघर्ष और गोलों की बरसात का खेल!

सेमरा बाजार के पास बाइक से 135 टैट्रा पैक शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

कुचायकोट। गोपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार के पास रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने जांच के दौरान 135 पीस टेट्रा पैक शराब के साथ एक बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान स्थानीय थाना के पुरखास जिलेबिया मोड़ निवासी नूर आलम अंसारी के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार,उत्पाद विभाग की टीम सेमरा बाजार के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसकी बाइक से 135 टेट्रा पैक से (27 लीटर) देशी शराब बरामद की गई। इसके बाद टीम ने शराब और बाइक जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद पुलिस ने आरोपित से पूछताछ करने के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी से संबंधित आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

नर्तकी से कथित गलत काम के मामले में कोर्ट का बड़ा एक्शन, फरार आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार

महाराजगंज। महाराजगंज थाना क्षेत्र में ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में काम करने जा रही एक नर्तकी के साथ कथित रूप से गलत काम करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। न्यायालय के आदेश पर रविवार को महाराजगंज पुलिस ढोल-नगाड़े के साथ आरोपियों के घर पहुंची और उनके दरवाजे पर इश्तिहार चिपकाकर निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में उपस्थित होने का संदेश दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए गांव में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।मामले में पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मामले में शामिल बताए जा रहे चार अन्य आरोपी अब भी फरार हैं।लगातार छापेमारी के बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय से इश्तिहार जारी कराने का आदेश प्राप्त किया। इसके बाद रविवार को फरार आरोपियों के घरों पर इश्तिहार चिपकाने की कार्रवाई की गई।एसडीपीओ अमन ने बताया कि फरार आरोपियों में दीपू कुमार यादव, पिता नंदकिशोर यादव, भीम कुमार यादव, पिता मनिंदर यादव, बोल बम शुक्ला तथा रोहित यादव, पिता लक्ष्मण यादव शामिल हैं। इनमें दीपू कुमार यादव, भीम कुमार यादव और बोल बम शुक्ला का घर भगौछा गांव में, जबकि रोहित यादव का घर नेरुआ गांव में है। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। न्यायालय की निर्धारित प्रक्रिया के तहत उपस्थित नहीं होने पर आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के लिए न्यायालय में आवेदन दिया जा सकता है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार आरोपियों पर गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया है।

ब अदालत
सब जज-11
मो. सोनपुर सारण
हकियत वाद सं.-158/23
राम देयाल राम वो...........मुदईयान
बनाम
चन्द्रशेखर राम वो............मुदालहम
प्रकाशन नोटिस बनाम

2(ङ) सुशीला देवी पति-जमादार राय, पिता-स्व. गंगा राय ग्रा.-हरना, थाना-दरियापुर, जिला-सारण 2(घ) मंजु देवी पति-अमन राय पिता-स्व. गंगा राय, ग्रा. -मानपुर, थाना-दरियापुर, जिला-सारण.
....मुदालहम

चूं वादी ने आपके ऊपर उपरोक्त वाद दायर किया है। जिसमें मेरे न्यायालय में नजारत वो डाक द्वारा आपके ऊपर नोटिस सम्मन भेजा गया जो आपके ऊपर तामिल हुआ उसके बावजूद भी आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए आपको इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दि. 07.11.26 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजीर होकर जो भी उजुर एतराज करना हो करें, वरना आपके खिलाफ एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह नोटिस हमारे कार्यालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दि. 09.09.26 को जारी किया जाता है।

आदेश
सब जज-II
सोनपुर सारण

न्यायालय में
श्रीमान् अवर न्यायाधीश,
मो.-जिला-गोपालगंज ।
बंटवारा वाद संख्या 173/2026

आशुतोष कुमार तिवारी पिता अमरनाथ तिवारी साकिन भरथियां, पो. बलिवन सागर, थाना-विशम्भरपुर, जिला-गोपालगंज वो..........................वादीगण

नोटिस बनाम : 3. दतात्रेय तिवारी, पिता स्व. नगीना तिवारी साकिन भरथियां, पो. बलिवन सागर, थाना-विशम्भरपुर, जिला-गोपालगंज ।

चं उपरोक्त वादीगण ने वर्तमान बंटवारा वाद आपलोगों के विरूद्ध मेरे न्यायालय में दाखिल किया है। जिसमें आप बावजूद सम्मन एवं निबंधित डाक के हाजिर नहीं हो रहे हैं।

अत: आप बता. 18.11.26 को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मोकदमे में उचित पैरवी वकालतन या असालतन करे अन्यथा आपके गैरहाजिरी में एकपक्षीय काररवाई अमल में लायी जायेगी।

आज बता. 9.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी हुआ।

अवर न्यायाधीश
गोपालगंज ।
9/614/26